हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 18 मार्च 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4
वर्षों की मशक्कत के बाद एसजीजीयू को मिली 25 नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति



## खबर संक्षेप

### गिरने से गंभीर वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** प्रेम नगर अंतर्गत ग्राम नमना निवासी विद्रा बाई पति स्व. अमर लाल (60 वर्ष) 16 मार्च की शाम परिवार वालो के साथ घर के परछी में भोजन बना रही थी। इसी दौरान वृद्धा बाहर से आने की बात कहकर निकली और जैसे ही घर से कूछ दूर पहुंची तभी अचानक गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बरगवां कोल्हाचुआ निवासी सोनामनि टोप्पो पति आनंद टोप्पो (43 वर्ष) 11 मार्च को जब पति मवेशी चराने गया था तो वह घर में अकेली थी। इसी दौरान महिला ने शराब पीने के पश्चात अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। शाम को पति मवेशी चराकर वापस लौटा तो देखा पत्नी खाट के नीचे सो रही थी। पत्नी के मुंह से झाग निकले तथा कीटनाशक की गंध आने पर पति ने उसे निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान सुबह मौत हो गई।



**रमज़ान मुबारक**
**अट्ठाइसवां रोज़ा**
आज का इफ्तार - 6.11 बजे
कल की सेहरी - 4.38 बजे

### जिले में संचालित संस्थाओं में नहीं है आग लगने पर बचाव के प्राथमिक उपाय के साधन

# आग लगने पर लोगों की जान बचाना और काबू पाना होगी बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में संचालित किसी अस्पताल, व्यावसायिक संस्थान, लघु उद्योग, सिनेमा हाल या किसी अन्य व्यावसायिक संस्थान, गोदाम में आग लगने की घटना होती है तो आग पर काबू पाना दमकल विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। ऐसा इस लिए क्यों कि इन संस्थानों में आगजनि की घटना से बचाव के लिए किसी प्रकार की सुरक्षा प्रणाली को स्थापित नहीं किया गया है। ऐसा नहीं है कि अग्निशमन विभाग द्वारा इन संस्थानों को कोई चेतावनी नहीं दी गई है। अब तक जिले में 109 ऐसे संस्थानों का दमकल की टीम ने निरीक्षण किया और उन्हें कमियों को दूर करने का नोटिस भी दिया गया लेकिन प्रक्रिया सिर्फ नोटिस दिए जाने तक ही सीमित रह गई।

**खास बात**
- संस्थान भी नहीं ले रहे गंभीरता से, कमियों को नहीं किया गया दूर, बिना एनओसी के हो रहा संचालन

बता दें कि भीषण गर्मी की शुरुआत हो चुकी है और गर्मी का मौसम आने के साथ ही आगजनी की घटनाएं भी बढ़ जाती है। वैसे तो वर्ष भर शॉर्ट सर्किट व अन्य कारणों से अलग अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आती रहती है लेकिन गर्मी का मौसम आने के बाद आग लगने की घटनाओं में वृद्धि हो जाती है। ऐसे में यदि सरगुजा जिले में आगजनी की घटनाओं से बचने के लिए किए जाने वाले सुरक्षा उपायों की बात की जाए तो शासकीय संस्थान हॉस्पिटल, कॉलेज, स्कूल, विभागीय कार्यालयों के साथ ही गोदाम, बड़े दुकान, सिनेमा हाल, राईस मिल, सहित अन्य स्थानों में भारी पैमाने पर लापरवाही बरती जा रही है। इन घटनाओं पर लगाम लगाने और सुरक्षा की दृष्टि से ही दमकल विभाग द्वारा समय समय पर इन संस्थानों के निरीक्षण किए जाते है और कमियों को दूर करने का निर्देश दिया जाता है लेकिन संस्थान के संचालकों पर नोटिस का कोई असर नहीं होता नजर आ रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि अक्टूबर 2025 से अब तक दमकल विभाग द्वारा समय समय पर किए गए निरीक्षण के बाद कुल 273 संस्थान का निरीक्षण किया गया .इसमें 50 से 60 पटाखा दुकानों के साथ ही शेष अन्य संस्थान है। इनमें से 64 ऐसे संस्थान है जिन्हें पहली बार समझाइश देकर सुधार करने के लिए बोला गया लेकिन 109 संस्थान में बड़े पैमाने पर कमियां पाई गई जिन्हें नोटिस दिया गया। बड़ी बात यह है कि यह आंकडा सिर्फ उन संस्थान का है ⏭ शेष पेज 4 पर



### अब एनओसी देने का अधिकार भी नहीं

बड़ी बात यह है कि दमकल विभाग की शक्तियां पहले से ही समिति थी। दमकल विभाग के पास सिर्फ किसी संस्थान में जाकर सुरक्षा मानकों का निरीक्षण करना और कमियां पाए जाने पर उन्हें दूर करने के लिए नोटिस दिए जाने तक का ही अधिकार है। दमकल विभाग किसी संस्थान पर ना ही जुर्माना लगा सकता है और ना ही कोई अन्य कार्रवाई कर सकता है। यही वजह है कि संस्थान इसे गंभीरता से नहीं ले रहे थे। वहीं अब शासन दमकल विभाग की एक और शक्ति छीन ली है। दमकल विभाग अब किसी संस्थान को एनओसी भी प्रदान नहीं कर सकता। एनओसी देने का अधिकारी निजी एजेंसी को दे दिया गया है। यह नियम 1 जनवरी से लागू है जिसके बाद एजेंसी के लोग रायपुर से आकर संस्थान का निरीक्षण कर उसे एनओसी प्रदान कर देते है। ऐसे में कोई भी संस्थान अब दमकल विभाग को गंभीरता से नहीं ले रहा। दमकल विभाग का काम अब सिर्फ सूचना मिलने पर आग बुझाने तक ही सीमित रह गया है।

### 18 अस्पतालों को जारी किया गया नोटिस

शहर में दमकल विभाग की टीम समय समय पर संस्थान का निरीक्षण करती है और उन्हें नोटिस जारी करती है। टीम द्वारा जिन संस्थान को नोटिस जारी किया गया है उनमें 18 अस्पताल, 4 औद्योगिक संस्थान, 35 व्यापारिक प्रतिष्ठान-दुकान, गोदाम, 14 पेट्रोल पंप, गैस रिफिलिंग सेंटर, 19 होटल-लॉज शामिल है। वहीं शहर में ऐसे कई अस्पताल, स्कूल, व अन्य संचालित है जहां स्थिति बेहद दयनीय है और आग लगने पर लोगों का जान बचाकर भागना भी मुश्किल होता है। शहर में संचालित मैरिज हाल, होटल, गोदाम, राईस मिल, कोल्ड स्टोरेज, सिनेमा हाल, लघु उद्योग, शासकीय कार्यालयों में आगजनी से बचने के लिए सुरक्षा उपकरणों को लेकर बुरा हाल है। बड़ी बात यह है कि शहर में संचालित दुकानों और गोदामों में बड़े पैमाने पर ऐसे समानों को भरकर रखा गया है जो ज्वलनशील है।

### होने चाहिए ये उपाय

आगजनी की घटना होने पर किसी भी संस्थान में हर 15-15 मीटर की दूरी पर फायर इंस्टिग्यूशर होना तो अनिवार्य है ही इसके साथ ही बड़े संस्थान में बेसिक स्थापित अग्निशमन प्रणाली स्थापित होनी चाहिए जिसके अंतर्गत स्मोक डिटेक्टर, स्प्रिंकलर, होज रील, फायर अलार्म सिस्टम, फायर एक्जिट रूट, वाहन जाने के लिए जगह, अंडर ग्राउंड वाटर टैंक व पम्प की वयवस्था होना अनिवार्य है। इसके साथ ही सीओ-2 व केबीसी पाउडर होना चाहिए। वर्तमान में चार पहिया वाहनों में भी अचानक शोर्ट सर्किट से आग लगने की घटनाएं होती है ऐसे में चार पहिया वाहनों में भी एक फायर इंस्टिग्यूशर होना अनिवार्य है।

### जागरूक करने का करेंगे प्रयास

हमारी टीम समय समय पर संस्थानों का निरीक्षण करती रहती है। अब तक 109 संस्थानों को नोटिस जारी कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए है। यह अभियान निरंतर रूप से जारी रहेगा।

-शिवकुमार कठोतिया,
कमांडेंट, नगर सेना

# हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने शव को फेंका डबरी में, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आपसी विवाद में आरोपी ने पहले युवक की हत्या की और फिर अपने साले के साथ मिलकर युवक के शव को डबरी में फेंक दिया। इतना ही नहीं अपने बेटे के अपराध को छिपाने और साक्ष्य छिपाने के लिए आरोपी के माता-पिता ने घर में गिरे खून को साफ करने के साथ ही गोबर से लिपाई कर दी।

- डेढ़साला व माता पिता ने दिया साथ, घर में सफाई कर की गोबर से लिपाई

बता दें कि उदयपुर विकासखंड के हनुमानगढ़ निवासी शीतल कुमार का शव 16 मार्च को थाना क्षेत्र के पोतका में एक डबरी में मिला था। इस मामले में मृतक के भाई मनोज कुमार ने पुलिस को घटना की सूचना दी थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई थी कि मृतक शीतल कुमार 15 मार्च को अपने दोस्त टेकराम के साथ बाइक से पोतका निवासी दिनेश कुमार के घर शादी कार्यक्रम में आया हुआ था और उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा व पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही जांच शुरू कर दी थी। पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत मारपीट से होने की पुष्टि होने के बाद एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान डबरी के बगल में जूट का खून लगा हुआ बोरा, मोबाइल फोन और गमछा पड़ा हुआ मिला था। इस दौरान युवक के पोतका निवासी अपने दोस्त प्रमोद के घर में बैठकर शराब पीने की जानकारी सामने आई जिसके बाद पुलिस ने संदेही प्रमोद कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इस दौरान प्रमोद कुमार ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि घर में बैठकर शराब पीने के दौरान पुराने नशे में पुराने विवाद को लेकर मारपीट करते हुए डंडे और टांगी के पासा से सिर पर जोरदार वार कर प्रमोद कुमार ने हत्या कर दी। हत्या के बाद युवक के शव को ठिकाने के लिए आरोपी ने अपने डेढ़साला राजेश कुमार का सहयोग लिया और शव को उठाकर डबरी में फेन दिया। इसके साथ ही आरोपी के पिता बहादुर और मां पवारो बाई ने खुद घर में गिरे हुए खून को साफ करने के साथ ही गोबर से लिपाई कर दी ताकि साक्ष्य को छिपाया जा सके। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी उदयपुर पोतका निवासी 20 वर्षीय प्रमोद सिंह आ. बहादुर सिंह, डेढ़ साला 20 वर्षीय लखनपुर केवरा बैगापारा निवासी 20 वर्षीय राजेश कुमार आ. शिव प्रसाद उर्फ गोपी, पोतका जमतीपारा निवासी पिता 42 वर्षीय बहादुर आ. तेजू राम व मां 40 वर्षीया पवारो पति बहादुर राम को बीएनएस की धारा 103(1), 238(ए), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर शिशिरकान्त सिंह, प्रधान आरक्षक संजय नागेश, राजेश चतुर्वेदी, आरक्षक रविन्द्र साहू, सूरजबली, देवेंद्र सिंह सक्रिय रहे।



## खबर संक्षेप



### शराब दुकान खोलने के विरोध में महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**बैकुण्ठपुर।** गांव में शराब दुकान खोलने के विरोध में काफी संख्या में महिलाओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और नई शराब दुकान खोलने को लेकर मोर्चा खोल दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के बचरापोंडी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिल्दा में नई शराब दुकान खोलने के संबंध में प्रक्रिया की जा रही है। इसकी जानकारी मिलने पर ग्राम जिल्दा के काफी संख्या में महिलाएं एकजुट होकर हाथों में तख्तियां लेकर गांव से गुजरे मुख्य मार्ग पर विशाल रैली निकालकर गांव में प्रस्तावित नई शराब दुकान खोलने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि शराब दुकान खोले बिना ही लोग शराब के नशे में रहते हैं, ऐसे में नई शराब दुकान खुल जाने से समाज परिवार में इसका विपरीत असर पड़ेगा। रैली निकालकर ग्रामीण महिलाओं ने मांग की है कि प्रस्तावित नई शराब दुकान गांव में न खोला जाए अन्यथा इसका पुनःविरोध किया जाएगा।

### जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ



**बैकुण्ठपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ मंगलवार को ग्राम ओड़गी स्थित टीकाकरण केन्द्र में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी रहीं, जिन्होंने अभियान की शुरूआत की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि यह अभियान 17 मार्च से 21 अप्रैल तक जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 9 माह से 59 माह तक के बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाया जाएगा तथा 6 माह से 59 माह तक के बच्चों को आयरन एवं फोलिक एसिड (आईएफए) सिरप वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान एनीमिया की जांच, स्तनपान संबंधी जागरूकता गतिविधियां तथा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस एवं टीकाकरण सेवाओं को भी सुदृढ़ किया जाएगा। अभियान निर्धारित तिथियों 17, 20, 24, 27 और 30 मार्च तथा 2, 7, 10, 17 एवं 21 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नजदीकी टीकाकरण केन्द्र में लाकर इस अभियान का लाभ दिलाएं। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं स्थानीय नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### खड़गवां में कई मूलभूत सुविधाओं का है अभाव

# सांसद आदर्श गांव में पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण



जर्जर शौचालय।



शो पीस बना नल कनेक्शन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के जनपद मुख्यालय खड़गवां को वर्षो पहले सांसद आदर्श ग्राम घोषित किया गया था, इसके बाद ग्राम खड़गवां के लोगों को उम्मीद थी कि उनके ग्राम का अब समुचित विकास होगा, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी खड़गवां सिर्फ कागजों में ही आदर्श बना हुआ है। जमीनी हकीकत में बुनियादी सुविधाओं का अकाल देखने को मिलता है।

सांसद आदर्श ग्राम घोषित होने के बाद केवल नाम की पट्टिकाएं लगी है, लेकिन वर्षों बाद भी खड़गवां की तस्वीर नहीं बदल सकी। खड़गवां ग्राम प्रवेश करने के पूर्व सड़क किनारे बोर्ड देखने को मिल जाएगा कि मुस्कुराईए आप सांसद आदर्श ग्राम में है। यहां विकास के नाम पर केवल घोषणाएं नहीं बल्कि धरातल पर दिखने वाला परिवर्तन कुछ नहीं है। आज खड़गवां की जनता अपने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से जवाब मांग रही है। जानकारी के अनुसार सांसद आदर्श ग्राम घोषित होने के बाद इस योजना के तहत विशेष बजट और निगरानी का प्रावधान है तो फिर खड़गवां की इतनी बदतर स्थिति क्यों हैं क्या अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति में व्यस्त है और कागजों में खड़गवां सांसद आदर्श ग्राम के रूप में दर्ज हैं और धरातल की हकीकत कुछ और बयां करती है।





क्षतिग्रस्त बोर्ड

#### कॉलेज पहुंच मार्ग एक जगह धंसा

खड़गवां मुख्य मार्ग से कॉलेज पहुंच मार्ग पर सड़क का एक हिस्सा धंस गया है, इसके चलते यहां पर दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। वाहन चालकों को सावधानी से चलना पड़ता है अन्यथा दुर्घटना घट सकती है। सांसद आदर्श ग्राम में अच्छी सड़क का भी अभाव है।

**सुलभ शौचालय की भी सुविधा नहीं:** सांसद आदर्श ग्राम खड़गवां के बाजार स्थल पर लोगों की सुविधा के लिए सुलभ शौचालय की भी सुविधा वर्षो बाद भी सुलभ नहीं हो सकी है, इसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी के अनुसार खड़गवां के प्रमुख बाजार स्थल के पास यात्री प्रतीक्षालय के पीछे सार्वजनिक शौचालय वर्षो पूर्व का बना हुआ है, जिसका शटर हमेशा बंद रहता है तथा उपयोग लायक स्थिति में नहीं है जबकि इस स्थल के पास यात्री बसों से लोग उतरते चढ़ते हैं और खड़गवां का प्रमुख बाजार स्थल है, जिन्हें शौचालय एवं यूनिरल के लिए भटकना पड़ता है। सुविधा के अभाव के चलते सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है।

#### पेयजल के लिए जद्दोजहद

सांसद आदर्श ग्राम खड़गवां के लोगों को पीने के पानी के लिए भी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। जिस तरह का विकास होना चाहिए वह नहीं हो पाया है। जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर पेयजल पहुंचाने की योजना भी यहां फेल हो गई है। अब तक यहां के लोगों के घरों तक पेयजल पहुंचाने के लिए नल के कनेक्शन दिए गए हैं, लेकिन उसमें अब तक पेयजल सप्ताई शुरू नहीं हो पाई है, ऐसे में इस वर्ष के गर्मी में भी लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ेगा।

# 8 वीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा गणित विषय के साथ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कक्षा आठवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा की शुरूआत 17 मार्च से गणित विषय के साथ शुरू हो गई है। इसके एक दिन पूर्व 16 मार्च को पांचवीं परीक्षा की शुरूआत हुई थी।

जानकारी के अनुसार बीते वर्ष की भॉंति इस वर्ष भी पांचवीं व आठवीं की परीक्षा बोर्ड की तर्ज पर आयोजित की जा रही है। आठवीं की परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। शांतिपूर्ण व सुव्यस्थित परीक्षा आयोजन को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा समुचित व्यवस्था की गई है। बोर्ड की तर्ज पर कक्षा पांचवीं व आठवीं के प्रश्न पत्र का वितरण जिला स्तर पर किया गया और फिर संबंधित क्षेत्र के थाने में सुरक्षित रखा गया है, जहां परीक्षा दिवस संकुल प्रभारियों के द्वारा प्रश्न पत्र प्राप्त कर अपने संकुल से विभिन्न परीक्षा केन्द्रों के लिए वितरीत करते हैं। जानकारी के अनुसार पांचवी व आठवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा में यदि कोई परीक्षार्थी किसी परीक्षा दिवस अनुपस्थित रहता है अथवा अनुत्तीर्ण हो जाता है तो उसे पूरक की पात्रता होगी और यदि पूरक में भी अनुत्तीर्ण हो जता है, तब उन्हें कक्षोन्नति देकर अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। यानी किसी भी स्थिति में किसी बच्चों को कक्षा में रोका नहीं जाएगा।



#### विद्यालय के समय में परिवर्तन

प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक कक्षाओं की केन्द्रीयकृत परीक्षा को देखते हुए शाला संचालन की व्यवस्था के तहत शाला संचालन के समय में परिवर्तन करने का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किया गया। जानकारी के अनुसार पांचवीं व आठवीं परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का संचालन आगामी 8 अप्रैल तक शाला सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक संचालित करने का आदेश जारी किया गया।

### 25 से शुरु होंगी स्थानीय परीक्षाएं

**बैकुण्ठपुर।** संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने कक्षा 1 ली, दूसरी, तीसरी, चौथी, छठवीं, सातवीं, नौवी तथा ग्यारहवी कक्षा की वार्षिक परीक्षा जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी के निगरानी में आयोजित की जाएगी। इसके लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार उक्त कक्षाओं की परीक्षा आगामी माह 25 मार्च से 10 अप्रैल के बीच संपन्न कराए जाने हैं, इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। परीक्षा संपन्न होने के पश्चात 20 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लेना है और 30 अप्रैल को परिणाम घोषित किए जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार यदि कोई विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो उसे पूरक परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा। कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी, छठवीं, सातवीं की पूरक परीक्षा में भी कोई विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं होता है तो क्रक्षोन्नति देकर अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा

## जिले में बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत, समाधान योजना लागू

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए समाधान योजना 2026 लागू कर दी है। इस योजना के तहत घरेलू, बीपीएल एवं कृषि श्रेणी के लाखों उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल में भारी छूट दी जाएगी।

रायपुर में कंपनी के संचालक मंडल की बीते 11 फरवरी को हुई बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार उपभोक्ताओं को मूल राशि और अधिभार (पेनल्टी) दोनों में छूट का लाभ मिलेगा। योजना विशेष रूप से उन उपभोक्ताओं के लिए फायदेमंद है जिनके बिजली बिल लंबे समय से बकाया हैं। 31 मार्च 2023 तक के बकाया वाले निष्क्रिय कनेक्शन कटे उपभोक्ताओं को बीपीएल श्रेणी में 75 प्रतिशत तक और घरेलू एवं कृषि श्रेणी में 50 प्रतिशत तक मूल राशि में छूट मिलेगी, जबकि अधिभार पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा। 5 वर्ष से अधिक पुराने बकाया पर 75 प्रतिशत और 1 से 5 वर्ष के बकाया पर 50 प्रतिशत तक मूल राशि में छूट दी जाएगी। इन दोनों ही स्थितियों में अधिभार 100 प्रतिशत माफ रहेगा। सक्रिय घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर 10 प्रतिशत तथा तीन किश्तों में भुगतान पर 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। छह किश्तों के विकल्प में मूल राशि पर छूट नहीं होगी, लेकिन अधिभार पूरी तरह माफ रहेगा। यह योजना 30 जून तक प्रभावी रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराना होगा और कम से कम 10 प्रतिशत बकाया राशि जमा करनी होगी। उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने के लिए मीटर रीडरों को भी प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। एकमुश्त भुगतान पर 5 प्रतिशत अधिकतम 1000 रूपए और किश्तों में भुगतान पर 5 प्रतिशत अधिकतम 500 रूपए तक प्रोत्साहन मिलेगा। यह योजना बकाया बिजली बिल से परेशान जिले के उपभोक्ताओं के लिए राहत का बड़ा अवसर है।



### एनीमिया से जूझ रही गर्भवती पंडो महिला ने स्वस्थ शिशु को दिया जन्म

**बैकुण्ठपुर।** जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र सोनहत विकासखंड के ग्राम अकलासरई में गंभीर एनीमिया से पीड़ति एक हाई रिस्क गर्भवती महिला को समझाइश और काउंसलिंग के बाद सुरक्षित संस्थागत प्रसव से जोड़ा गया, जिससे जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित हैं। ग्राम अमरा निवासी 24 वर्षीय श्रीमती आरती (पति जगनारायण), जो विशेष पिछड़ी पण्डो जनजाति से हैं, अपनी पहली गर्भावस्था के दौरान गंभीर एनीमिया (हीमोग्लोबिन 7 से कम) और सिकलिंग पॉजिटिव पाई गई थीं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से उन्हें नियमित रूप से कोरिया मोदक लड्डू उपलब्ध कराया गया, जिससे उनका स्वास्थ्य धीरे-धीरे स्थिर हुआ और प्रसव के समय उनका हीमोग्लोबिन स्तर बढ़कर 8.3 ग्राम प्रति डेसीलीटर तक पहुंच गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल बैकुंठपुर रेफर किया गया था, लेकिन जागरूकता की कमी और डर के कारण महिला और उसके परिजन अस्पताल से लौटकर गांव चले गए। जानकारी मिलने पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोनहत अंशुल वर्मा के नेतृत्व में राजस्व और स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची।

# भाजपा पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की बैठक







हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

नगर पालिका परिषद् बैकुंठपुर क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने वार्डों में नियमित रूप से जाएं और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद स्थापित करना ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। इससे आम जनता को योजनाओं का लाभ मिलेगा और सरकार की नीतियों की जानकारी भी लोगों तक प्रभावी रूप से पहुंचेगी। बैठक में नगर विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क मरम्मत सहित विभिन्न जनहित मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 29 मार्च को हर बूथ या वार्ड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने की व्यवस्था संगठन पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहकर नगरवासियों को शामिल करें।

#### मानस भवन में मनाएंगे पार्टी स्थापना दिवस

बैकुंठपुर मंडल द्वारा 6 अप्रैल को मानस भवन में भव्य स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसी दिन समाज के प्रबुद्ध जन, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं हितग्राहियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन निश्चित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष बसंत राय, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवनानी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष भानूपाल, वरिष्ठ नेता मनोज गुप्ता, सोशल मीडिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोनालाल राजवाड़े, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रखर गुप्ता, मंडल महामंत्री रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, महिला मोर्चा जिला मंत्री आँचल सिंह परमार, आईटी सेल संयोजक हरिओम साहू, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी ममता साहू, सुदीप सोनी, पार्षद अवधेश सिंह, अभिनेन्द्र चंदेल, लक्ष्मी गुप्ता, सुनील सिंह, रंजीत सिंह, संतोष राजवाड़े, परवेज आलम, रजनीश गुप्ता, शरद कुमार, अमिताभ गुप्ता, महेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सोनी, सौरभ दुबे, गीतेन्द्र, दुर्गा प्रसाद, राधा गिरी, आशा काशी, तोता रानी सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000


# कलेक्टर की सख्ती- धान उठाव पर समीक्षा, खाद्य अधिकारी को फटकार





हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने धान उठाव की स्थिति की जानकारी ली और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर खाद्य अधिकारी नटवर लाल राठौर को कड़ी फटकार लगाई।

बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों-कर्मचारियों की ई-एचआरएमएस संबंधी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिला सूचना अधिकारी सुखदेव पटेल ने बताया कि बार-बार निर्देशों के बावजूद कुछ विभागों द्वारा जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए तीन घंटे के भीतर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी राजेश भारती से एग्रीस्टेक पंजीयन की प्रगति की जानकारी लेते हुए किसानों का पंजीयन त्वरित गति से पूर्ण करने और एसडीएम व तहसीलदार के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)में धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने शिवपुर-चरचा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। उन्होंने जनदर्शन, सीएम जनदर्शन एवं पीएम पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध परीक्षण कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार व विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों को स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल, आश्रम शाला, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं उचित मूल्य दुकानों का औचक निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिनकी ड्यूटी लगी है वे निरीक्षण के दौरान सभी जानकारी प्राप्त करें और समस्याओं का परीक्षण कर त्वरित निराकरण करें।

## साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत महापरीक्षा 22 को

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिक्षार्थी आंकलन महापरीक्षा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में जानकारी दी गई कि इस अभियान के तहत 22 मार्च को जिले में शिक्षार्थियों का आंकलन किया जाएगा। विकासखंड़ बैकुंठपुर एवं सोनहत में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक निर्धारित आंकलन केन्द्रों में प्रारंभिक साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का मूल्यांकन किया जाएगा। बताया गया कि विकासखंड बैकुंठपुर में 131 तथा सोनहत में 19 आंकलन केन्द्र बनाए गए हैं, जहां कुल 1641 शिक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नियुक्त पर्यवेक्षक निर्धारित तिथि पर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था सुनिश्चित करें।


TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाएं
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप



### अन्न फूड फेस्टिवल में मिलेट्स के पोषण गुणों से विद्यार्थी हुए रूबरू

**सूरजपुर।** रूसा के तत्वावधान में शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में श्री अन्न फूड फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसपी त्रिपाठी रहे। फेस्टिवल के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मिलेट्स उत्पादों एवं मिलेट्स से निर्मित विविध खाद्य पदार्थों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई। मुख्य अतिथि डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि वे स्वयं अपने दैनिक जीवन में मिलेट्स का नियमित उपयोग करते हैं और आंध्रप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के किसानों से मिलकर इसके व्यापक प्रचार-प्रसार में सक्रिय रूप से जुटे हैं। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए मिलेट्स का उपयोग अत्यंत आवश्यक है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर अनेक बीमारियों से रक्षा करता है। शासकीय राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय के कृषि विभाग के डीन डॉ. एसके सिन्हा ने मिलेट्स की कृषि परंपरा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मिलेट्स लगभग 7 हजार वर्ष पुरानी कृषि परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। गेहूँ और चावल की तुलना में 70 प्रतिशत कम पानी में तैयार होने वाली यह फसल सूखा, गर्मी और कम उपजाऊ मिट्टी में भी सफलतापूर्वक उगाई जा सकती है। इसकी खेती में रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों की आवश्यकता नहीं होती, साथ ही यह भूमि क्षरण को रोककर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाती है। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुण्ठपुर की प्राचार्य डॉ. आरएन कच्छप एवं डॉ. महेश मिश्रा ने मिलेट्स को आधुनिक पोषण विज्ञान में सुपरफूड की श्रेणी में रखे जाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, जिला कोषालय अधिकारी तिवारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग घनश्याम शांडिल्य सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी के अलावा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एचएन दुबे, डॉ. प्रतिभा कश्यप, डॉ. अखिलेश द्विवेदी, डॉ. विकेश झा, टीआर राहंगडाले, डॉ. चंदन कुमार सहित प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश पाण्डेय तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रतिभा कश्यप द्वारा किया गया।

### विन्ध्येश्वरी प्रताप सिंह की पुण्यतिथि पर हुए विविध कार्यक्रम

**भैयाथान।** स्वर्गीय विन्ध्येश्वरी प्रताप सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर परिवार एवं क्षेत्रवासियों द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें



भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वार्षिक श्राद्ध पूजन के साथ ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया तथा सुंदरकांड पाठ भी संपन्न हुआ। इंद्रप्रस्थ भैयागढ़ी में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिजन एवं आमजन उपस्थित होकर स्वर्गीय सिंह को याद किया। इस दौरान उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए रामेश्वर प्रताप सिंह ने कहा कि वे हमेशा लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे तथा गांव के आपसी विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में दक्ष थे। यही कारण था कि उस समय थाने में कम ही मामले पहुंचते थे और ग्रामीणों का उन पर गहरा विश्वास था। उन्होंने खेलों के प्रति उनके विशेष लगाव का उल्लेख करते हुए बताया कि वे फुटबॉल के अच्छे खिलाड़ी भी थे। जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि स्वर्गीय सिंह ने पूरे परिवार को एक सूत्र में बांधकर रखा, जिसका परिणाम है कि आज भी परिवार एकजुट है। उन्होंने बताया कि नवरात्र के दौरान कुदरगढ़ में उनकी पूजा-अर्चना की परंपरा आज भी परिवार द्वारा निभाई जा रही है। कार्यक्रम में ललित सिंह, अमरेश्वर प्रताप सिंह, शिवम सिंह, योगेश प्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह, आशीष सिंह सहित परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## ग्रामीणों को नहीं मिल रहा उप तहसील का लाभ

# मानी-पोड़ी में उप तहसील लेकिन कार्यालय का संचालन सूरजपुर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

राजस्व सहित अन्य कामों के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर जिला मुख्यालय जाने से राहत देने के लिए चार साल पूर्व मानी-पोड़ी को उप तहसील बनाया गया। मानी पोड़ी में उप तहसील का संचालन कुछ माह तक नियमित हुआ जिससे न सिर्फ क्षेत्र के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली बल्कि लंबी दूरी तय करने से छुटकारा मिल गया। हैरानी की बात तो यह है कि कुछ माह तक उप तहसील का संचालन हुआ जिसके बाद जिला मुख्यालय में ही उप तहसील का संचालन होने लगा जिससे गांव के लोगों के समक्ष पूर्व की स्थिति निर्मित हो गई। ग्रामीणों ने पुनः मानी पोड़ी में उप तहसील का संचालन किए जाने की मांग की है।

**खास बात**

- साल 2022 में मानी-पोड़ी को बनाया गया था उप तहसील

जिले के मानी पोड़ी में ग्रामीणों की सुविधा के लिए खोली गई उप तहसील कार्यालय सूरजपुर में संचालित हो रही है। ऐसे में किसानों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजस्व संबंधी कार्यों के लिए पहले जहां ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर सूरजपुर जाना पड़ता था,जो उपतहसील खुलने से उन्हें बड़ी राहत मिली थी। लेकिन कुछ ही महीनों बाद मानी उप तहसील लगना बंद हो गया और स्थिति फिर से पहले जैसी हो गई है। दरअसल पूर्व विधायक खेलसाय सिंह ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए मानी पोड़ी में उप तहसील खोलने की पूर्व सरकार से मांग की थी। इसके बाद 8 मई 2022 को रामनगर में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खुले मंच से मानी पोड़ी में नई उप तहसील खोलने की घोषणा कर दी। घोषणा के बाद प्रशासन व्यवस्था के तहत मानी चौक के बंद पड़े प्राथमिक शाला भवन की मरम्मत कराकर उप तहसील कार्यालय की शुरुआत कर दी थी। शुरुआत में ग्रामीणों को राजस्व से जुड़े नामांतरण, सीमांकन, खसरा-खतौनी सुधार और अन्य दस्तावेजी कार्य के लिए स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिलने लगी थी। लेकिन कुछ ही महीनों बाद मानी में उप तहसील कार्यालय लगना बंद हो गया। उपतहसील बंद होने के कारण आसपास के गांवों के किसानों और ग्रामीणों को फिर से अपने छोटे-छोटे राजस्व कार्यों के लिए सूरजपुर तहसील मुख्यालयों का रुख करने को मजबूर है।




उप तहसील कार्यालय में लटका ताला।

### पूर्व की भांति हो गई निर्मित

ग्रामीणों ने बताया गया कि ग्राम पोड़ी,जोबगा, गेतरा में स्थित भूमि के बदले किसानों का अधिग्रहित भूमि के बदले मुआवजा दिया जा रहा है जिसके लिए राजस्व संबंधी कार्य तीनों पंचायत के लोगों को ज्यादा पड़ रहा है। ऐसे में उप तहसील बंद हो जाने से ग्रामीणों को बार बार तहसील मुख्यालय सूरजपुर का चक्कर रोजाना लगाना पड़ रहा है जिससे ग्रामीण परेशान हो रहे है। करना पड़ रहा है। इससे उन्हें अतिरिक्त खर्च के साथ-साथ समय की भी बर्बादी झेलनी पड़ रही है।

### उप तहसील को संचालित करने की मांग

ग्राम पोड़ी,जोबगा, गेतरा ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने उनकी सुविधा के लिए उप तहसील खुलवाई थी, लेकिन उसका संचालन नियमित नहीं होने से लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मानी पोड़ी उप तहसील को जल्द से जल्द नियमित रूप से संचालित किया जाए, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## श्रमिक नेता से दो लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने दर्ज किया अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर स्थित बीएमएस यूनियन के श्रमिक नेता के साथ सप्ताह भर पूर्व यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से करीब 1 लाख 94 हजार रुपए की हुई ऑनलाइन ठगी मामले में मंगलवार को पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बिश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल आवासीय 1 सी कॉलोनी क्वार्टर नंबर 42 निवासी महेश कुमार गुप्ता पिता स्व. दयाचंद गुप्ता जो एसईसीएल में कार्यरत हैं एवं भारतीय मजदूर संघ के सक्रिय सदस्य भी हैं, के भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिश्रामपुर के खाते से सप्ताह भर पूर्व दो दिनों में अलग अलग कर कई किश्तों में साइबर ठगों ने रकम ट्रांसफर कर ली, पुरे मामले में पीड़ित को इस बात की भनक तक नहीं लगी और साइबर ठग बड़ी चालाकी से अपना काम कर गए।मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित ने शीघ्र जाकर थाना बिश्रामपुर में लिखित आवेदन दिया और साथ ही एनसीआरबी पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई,पुलिस ने मंगलवार को मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) एवं 66 डी के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध मोबाइल नंबरों व बैंक खातों की पड़ताल की जा रही है।

### इस तरह ठगी को दिया अंजाम

घटना 10 मार्च की रात करीब 11.56 बजे एक अनजान नंबर से आए मिस्ड कॉल से हुई,जब कोल कर्मी महेश गुप्ता ने उस नंबर पर वापस कॉल किया, तो उनका नंबर बंद बताया गया,घबराए पीड़ित ने तत्काल जियो हेल्पलाइन नंबर 199 पर संपर्क किया, जहां उन्हें चौंकाने वाली जानकारी मिली कि उनके ही नंबर को गुम बताकर बंद करा दिया गया है,हालांकि आधार कार्ड के अंतिम चार अंक बताने के बाद उनका नंबर दोबारा चालू कर दिया गया,लेकिन यहीं से ठगों करने का खेल शुरू हो चुका था,बताया गया कि घटना दिवस रात करीब 12.50 बजे एक अन्य नंबर से कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को मुंबई स्थित एसबीआई कंफर्मेशन डिपार्टमेंट का अधिकारी बताया,उसने कहा कि खाते से संदिग्ध यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए हैं और सुरक्षा के लिहाज से यूपीआई होल्ड कर दिया गया है,इतना ही नहीं ठगों ने भरोसा जीतने के लिए पीड़ित के खाते का एक महीने का स्टेटमेंट भी ईमेल कर दिया,जब महेश गुप्ता ने स्टेटमेंट देखा, तो उनके होश उड़ गए।बाद में जानकारी लगी कि साइबर ठगों ने 9 मार्च को 7 बार में 94,997 रुपए व 10 मार्च को 6 बार में 98,996 रुपए अलग-अलग अज्ञात खातों में खाते ककी राशि ट्रांसफर कर दिए हैं और ये सभी ट्रांजेक्शन पीड़ित की जानकारी के बिना हुए हैं।

## ग्राम अजबनगर में वारूनी महामेला का शुभारम्भ श्रद्धालुओं ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम अजबनगर में श्री हरिचांद ठाकुर के 215 वें जन्म महोत्सव के अवसर पर आयोजित वारूनी महामेला का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन श्री किरण चांद हरि भजन आश्रम अजबनगर में किया जा रहा है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर इस धार्मिक महोत्सव का हिस्सा बन रहे हैं,पहले दिन सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूरे मार्ग को भक्ति और आस्था से सराबोर कर दिया।



महोत्सव के दूसरे दिन 17 मार्च को गंगा स्नान एवं निशान दल के आगमन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों की विधिवत शुरुआत की गई,श्रद्धालुओं ने सुबह से ही पूजा-अर्चना कर अपने जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति के संदीप सरकार ने बताया कि 18 मार्च को जेएमडी म्यूजिक ग्रुप मध्य प्रदेश द्वारा जीवंत झांकी के साथ भजन संध्या का विशेष आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्ति संगीत की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होंगे। वहीं 19 मार्च को रंगारंग धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ बाहर से आए कलाकार भी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव का समापन 20 मार्च को धार्मिक प्रवचन एवं शांति सभा के साथ होगा, जिसमें संत-महात्मा श्रद्धालुओं को धर्म, समाज और जीवन के मूल्यों पर मार्गदर्शन देंगे।पूरे आयोजन के दौरान प्रतिदिन शाम 7 से 10 बजे तक संध्या आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा आयोजन समिति द्वारा प्रतिदिन विशाल भंडारे की भी व्यवस्था की गई है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

## बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित

- शिक्षा स्थायी समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

**राजपुर।** मंगलवार को जनपद पंचायात सभाकक्ष में उपाध्यक्ष शिक्षा स्थायी समिति के उपाध्यक्ष आ का श अग्र वाल की अध्यक्षता में शिक्षा स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता एवं परीक्षा परिणामों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान विकास खण्ड स्तर पर शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं संस्था प्रमुखों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

विशेष रूप से प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा उत्कृष्ट परिणाम देने वाले प्राचार्यों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा सत्र 2026 के परिणामों की तैयारी,



विद्यालयों की भूमि सीमांकन, छात्रों की उपस्थिति, साइकिल वितरण एवं छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं की समीक्षा की गई। जिन कार्यों में प्रगति अधूरी है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि समिति की बैठक अब प्रत्येक तीन माह में नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को विकास खण्ड स्तर पर भव्य रूप से मनाने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन का भी प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। इस दौरान बीईओ अरविन्द गुप्ता, एबीईओ जेआर नागदेव सहित शासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधान पाठक उपस्थित रहे।

## गौरव पथ निर्माण के लिए मिली 5.50 करोड़ की स्वीकृति

**लखनपुर।** नगर पंचायत के बहुप्रतीक्षित गौरव पथ निर्माण के लिए शासन द्वारा 5.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क ग्राम कोसगा सीमा से लेकर लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य



केंद्र तक बनाई जाएगी। नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू की मांग पर कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रयासों से इस परियोजना को मंजूरी मिली। इसके अलावा चूल्हट नाला में दो स्टॉप डेम निर्माण के लिए भी 33 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें ढोड़ी घाट स्टॉप डैम 17.86 लाख रुपये, चिलरा घाट स्टॉप डेम 15.40 लाख रुपये वहीं आदर्श शहर समृद्धि योजना के तहत राज्य के 190 नगरीय निकायों में से 32 नगर पंचायतों को शामिल किया गया है, जिसमें लखनपुर भी शामिल है। इस योजना के लिए 2000 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत नाली निर्माण, सड़क, विद्युतीकरण और पुल-पुलिया जैसे छोटे-छोटे विकास कार्य किए जाएंगे। इन सभी स्वीकृतियों से लखनपुर नगर पंचायत में विकास कार्यों को तेज गति मिलने की उम्मीद है।

## मवेशियों से भरा पिकअप पलटा, 6 मवेशी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

रात में गश्त कर रहे वन अमले की टीम को देख भाग रहा पिकअप चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे मवेशी से भरा पिकअप सड़क किनारे पलट गई। हालांकि किसी मवेशी की मौत नहीं हुई वहीं वाहन में सवार लोग मवेशी और पिकअप को मौके पर ही छोड़ फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम बीती रात क्षेत्र में गश्त करने के साथ चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक पिकअप में 6 मवेशी लदे हुए दिखाई दिए। टीम को देखते ही चालक वाहन को तेज गति से चलाते हुए भागने लगा। कुछ दूरी पर मोड़ के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद पिकअप में सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए। वन विभाग एवं पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंच कर मवेशियों को अपने कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पिकअप को डीपाडीह चौकी में खड़ी कर दी है। फिलहाल फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।



## पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया विभिन्न संस्थानों का शैक्षणिक भ्रमण

**वाड्रफनगर।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियों ने शक्कर कारखाना, केरता का भ्रमण कर शक्कर बनने की प्रक्रिया का अवलोकन किया साथ ही गन्ने के कचरे से बिजली उत्पादन की प्रक्रिया के बारे में जाना। इस दौरान विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केन्द्र अम्बिकापुर का भ्रमण कर



जैविक खेती, जैविक खाद, पशुपालन, मतस्य पालन व मशरूम उत्पादन आदि की जानकारी ली। संजय पार्क का भ्रमण कर विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के जीव-जंतुओं को देखा और उनके संरक्षण के बारे में जाना। विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग कॉलेज का भ्रमण कर इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश संबंधी जानकारी ली।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी MBBS,DCH,DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय MBBS,DNB,Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले MBBS,DCH,DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया MBBS,MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित MBBS,DNB,Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 9826183780,8224007799,9425583780,9406183780 8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

## अमेरा खदान जाने वाली जर्जर सड़क पर 31 मार्च तक कोल परिवहन होने को लेकर बनी सहमति, शीघ्र बनेगी नई सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पीपरखांड के ग्रामीणों, सरगुजा प्रशासन व एसईसीएल प्रबंधन की बैठक में बनी एकराय, कम्पनी प्रबंधन ने ली राहत की सांस

अमेरा खदान तक जाने वाले जर्जर मार्ग को लेकर पिछले दिनों पीपरखांड के पास नाराज ग्रामीणों द्वारा कोल परिवहन रोक दिए जाने से क्षेत्र में हलचल मच गई थी। सड़क की जर्जर हालत, धूल और दुर्घटनाओं की आशंका को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सामने आया था, जिससे कोयला परिवहन पूरी तरह ठप हो गया था, लेकिन घंटों बाद प्रशासन के हस्तक्षेप उपरांत कोयला परिवहन कार्य शुरू करा दिया गया था।



इसी तारतम्य में मामले की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को लखनपुर नायब तहसीलदार सर्वेश पटेल की उपस्थिति में खदान प्रबंधन की तरफ से जीएम ऑपरेशन जीके राय,अमेरा सब एरिया मैनेजर ओपी अटल,मैनेजर समय लाल धैर्य,क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण,एसओ सिविल रविन्द्र खलखो और पंचायत जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के बीच अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबी चर्चा और विचार-विमर्श के बाद आखिरकार एक सहमति बनी, जिससे प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 31 मार्च तक कोल परिवहन और आम आवागमन बिना किसी बाधा के जारी रहेगा। इसके साथ ही प्रशासन और प्रबंधन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इसके बाद सड़क निर्माण कार्य तत्काल शुरू किया जाएगा और उसे प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि उनकी मांग केवल बेहतर सड़क और सुरक्षित आवागमन की है,धूल के उड़ते गुब्बार और खराब सड़क के कारण उन्हें रोजमर्रा की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,सरगुजा जिला प्रशासन की इस पहल से फिलहाल टकराव की स्थिति टल गई है।गौरतलब है कि अमेरा खदान प्रभावित क्षेत्र पिपरखांड गांव के लोगों ने बदहाल सड़क व अन्य अव्यवस्था से नाराज होकर गत दिनों 13 मार्च को सड़क जाम करके कोल परिवहन कार्य को घंटों बंद करा दिया था।

## बढ़ती गर्मी के मद्देनजर जिले के अस्पतालों में किया गया अग्नि सुरक्षा का पूर्वाभ्यास

**सूरजपुर।** गर्मी के मौसम में अग्नि दुर्घटनाओं की बढ़ती आशंका को देखते हुए जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करसी एवं एसआरपीआर हॉस्पिटल में अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालन का व्यावहारिक डेमो आयोजित किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान संबंधित विशेषज्ञों द्वारा अग्निशमन उपकरणों की प्रचलन विधि को विस्तार से समझाया गया तथा आग लगने की स्थिति में की जाने वाली त्वरित कार्रवाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। तीनों स्वास्थ्य संस्थानों में



उपस्थित चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कर्मचारियों ने इस डेमो में सक्रिय रूप से भाग लिया और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता हासिल की। उल्लेखनीय है कि अस्पताल जैसी संवेदनशील इमारतों में मरीजों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि होती है। ऐसे में गर्मी के मौसम से पूर्व इस प्रकार का प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अभियान का उद्देश्य आपात स्थिति में अस्पताल का प्रत्येक कर्मचारी आग को नियंत्रित करने में सक्षम हो और किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### भाजपा अजजा मोर्चा के नेतृत्व में आदिवासियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेतृत्व में लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत नरकालों और चोड़ेया के आदिवासी समाज के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। भाजपा अजजा मोर्चा ने भोलेभाले आदिवासियों की पुश्तैनी भूमि पर विशेष समुदाय के बाहरी लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे भाजपा अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिंदेश्वरी लाल पैकरा ने बताया कि नरकालों व चोड़ेया के अनुसूचित जनजाति के लोग कई पीढ़ियों से अपनी पुश्तैनी भूमि पर निवासरत हैं। यह क्षेत्र पांचवी अनुसूची क्षेत्र में हैं, जहां आदिवासी भूमि की सुरक्षा हेतु विशेष संवैधानिक एवं कानूनी प्रावधान लागू हैं। परंतु कुछ वर्षों से बिहार एवं अन्य राज्यों से आए विशेष समुदाय के लोगों द्वारा गांव के आदिवासी भूमि पर जबरन मकान निर्माण किया गया है। नरकालो निवासी बदलू पिता प्रधान की राजाकोट में 1 एकड़ भूमि है जिस पर कुरैशा और हुसैन ने कब्जा कर लिया है। इसी प्रकार गिरीश पिता घुरऊ की 87 डिसमिल भूमि पर नसरूद्दीन, बसंती पति शिव कंवर की 1.5 एकड़ भूमि पर जलालुद्दीन एवं नसरूद्दीन, घूरऊ पिता दशरथ कंवर की 1.5 एकड़ भूमि पर मोहमुद्दीन, ग्राम चोड़ेया निवासी शांति पिता अमरूष मझवार की 3 एकड़ भूमि पर फिरदौस तथा जेठू पिता काशी बारगाह की 4 एकड़ भूमि पर हुसैन ने जबरिया कब्जा कर लिया है। आदिवासी समाज के लोगों द्वारा इसका विरोध करने पर डराया धमकाया जाता है। पीड़ित ग्रामीणों ने अवैध कब्जे को तत्काल हटाने तथा दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान मोर्चा के उपाध्यक्ष डॉ.शिवमंगल सिंह, राजेंद्र पैकरा, तेजबल राम नागेश, जितेंद्र कुजूर, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### 9वीं और 11वीं की परीक्षा की पाली बदलने की मांग एनएसयूआई ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** 23 मार्च से आयोजित कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षा दोपहर की पाली में संचालित करने को आदेश प्रस्तावित किया गया है। एनएसयूआई के



जिला सचिव गोल्डी खान के नेतृत्व में एसडीएम एवं बीईओ को ज्ञापन सौंप दोपहर की पाली को बदलने की मांग की है। एनएसयूआई ने ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराया कि प्रतापपुर सहित जिले में इन दिनों अत्यधिक गर्मी पड़ रही है। ऐसे समय में 9वीं और 11वीं की परीक्षा दोपहर की पाली में आयोजित किए जाने से विद्यार्थियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। गर्मी और तेज धूप के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना है जिससे अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में व्यापक असंतोष है। दोपहर के समय तापमान अधिक होने के कारण दूर दराज से आने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में पहुंचने में भी काफी परेशानी होगी। इस स्थिति में विद्यार्थियों को शारीरिक थकान असुविधा तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में परीक्षा की तैयारी एवं प्रदर्शन भी प्रभावित हो सकता है। गोल्डी खान ने अधिकारियों को अवगत कराया कि प्रतापपुर विकासखंड हाथी प्रभावित क्षेत्र है जिसके कारण विधार्थियों की आवागमन संबंधित सुरक्षा एक गम्भीर विषय है दोपहर पाली में आयोजित परीक्षा के समाप्ति के पश्चात शाम के समय में विद्यार्थियों की आवाजाही जोखिमपूर्ण हो सकती है। एनएसयूआई जिला सचिव गोल्डी खान ने विद्यार्थियों के हित एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा 9वीं एवं 11वीं की परीक्षाएं को दोपहर की पाली के स्थान पर सुबह कि पाली में आयोजित करने करने की मांग की है। इस दौरान एनएसयूआई नगर अध्यक्ष रिजवान, राजा, शिवमंगल सिंह, कृष, राजकुमार, देवकुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पेज 1 के शेष...

### आग लगने पर लोगों की...

जहां दमकल विभाग की टीम पहुंच पाई है। शहर सहित जिलेभर में ऐसे अनेकों संस्थान संचालित हो रहे है जिनमें नियमों का पालन नहीं किया जा रहा और आग लगने की घटना पर जान बचाना व आग पर काबू पाना एक बड़ी चुनौती होगी। वहीं इन नोटिस में उन्हें निर्धारित समय पर अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था करने के साथ ही कमियों को दूर कर दमकल विभाग को सूचित करने को कहा गया था लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि नोटिस को किसी भी संस्थान ने गंभीरता से नहीं लिया।

## विवि के शैक्षिक एवं प्रशासनिक भवन वर्षों से अधूरे

# वर्षों की मशक्कत के बाद एसजीजीयू को मिली 25 नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सालों की मशक्कत के बाद शासन ने संत गहिरा गुरू विवि को शैक्षिक गतिविधियों में विस्तार के लिए 25 नए विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति दे दी हैं लेकिन भवन के अभाव में विवि प्रबंधन के लिए शैक्षणिक विभागों का विस्तार किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

**खास बात**
- नए सत्र से पाठ्यक्रमों का संचालन बनी चुनौती

वर्ष 2008 में तत्कालीन सरगुजा विवि की स्थापना होने के बाद प्रबंधन द्वारा वर्ष 2008 में शैक्षणिक विभागों का संचालन प्रारंभ किया गया था। गुरूघासी दास विवि द्वारा शैक्षणिक विभाग अंतर्गत संचालित फार्मेसी विभाग के साथ ही प्रयोजन मूलक हिन्दी, लॉ, फार्म एण्ड फॉरेस्ट्री, कम्प्यूटर साइंस, बायोटेक्नॉलाजी पर्यावरण आदि विभागों का संचालन प्रारंभ किया गया। तब भवन के नाम पर विवि के पास प्रशासनिक कार्यालय संचालन के लिए मात्र एक पुराना शासकीय भवन उपलब्ध था। यूटीडी के विभागों के लिए प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के पास निर्मित शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल मणिपुर का भवन उपलब्ध कराया गया। इसके पूर्व भवन के अभाव में कई बार विभागों का संचालन अलग-अलग शासकीय भवनों में भी किया गया। यूटीडी के वर्तमान भवन में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कक्षाओं के संचालन में अन्यान्य समस्याएं भी हो रही हैं। इधर शैक्षिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विवि के अधिकारी लम्बे समय से नए शैक्षिक विभाग खोलने की योजनाएं बना रहे थे साथ ही शासन को प्रस्ताव भी भेज रहे थे लेकिन स्वीकृति नहीं मिल पाई थी। कुछ दिनों पूर्व ही उच्च शिक्षा विभाग ने 25 नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति प्रदान की है साथ ही इन विभागों के लिए सेटअप की भी स्वीकृति प्रदान की है। विवि के पास सबसे बड़ी समस्या भवन की है। वर्ष 2017-18 से विवि के भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय सहित अन्य आवश्यक भवनों एवं आवासीय भवनों की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनका निर्माण अब तक पूरा नहीं हो पाया है। विवि प्रबंधन को शासन द्वारा बजट में भवन निर्माण के लिए राशि मिलने की उम्मीद थी जो पूरी नहीं हो सकी। अधूरे भवनों का निर्माण कब तक पूरा होगा इसका भी कोई भरोसा नहीं है ऐसे में आगामी सत्र से नए विभागों का संचालन करना विवि प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि अधिकारी नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति मिलने के बाद से ही विकल्पों को तलाशने में जुटे हैं।



आधी-अधूरी एकडमिक बिल्डिंग।

### इन विषयों पर जोर

शासन द्वारा स्वीकृत नए पाठ्यक्रमों में पारंपरिक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के विषय अधिक हैं। शैक्षणिक गतिविधियों से ही किसी भी विश्वविद्यालय की पहचान बनती है इसलिए विवि प्रबंधन कुछ खास रोजगार एवं शोधपरक पाठयक्रमों को प्रारम्भ करने पर जोर दे रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में विवि के लिए एक साथ सभी 25 शैक्षिक विभागों का संचालन प्रारम्भ करना संभव नहीं है। ऐसे में प्रबंधन उपलब्ध संसाधनों के आधार पर आगामी सत्र से कुछ पाठ्यक्रमों का संचालन प्रारंभ कर सकता है। विवि शोधपरक आर्यावर्त हिन्दू संस्कृति, पर्यटन एवं रोजगारपरक रूरल टेक्नोलॉजी, होटल मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट, लाइब्रेरी साइंस एवं फिजिकल एजुकेशन जैसे पाठ्यक्रम शुरू करने पर जोर दे रहा है विवि द्वारा इन्टीग्रेटेड पाठ्यक्रम एवं स्व वित्तीय मद से भी नए विषयों की पढ़ाई शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।

#### 50 लाख की स्वीकृति

शासन द्वारा नए पाठ्यक्रमों के लिए शैक्षिक एवं अशैक्षिक पदों के सेटअप की स्वीकृति प्रदान की गई है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नए पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए 50 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। नए शैक्षिक विभागों के संचालन से विवि को भारी भरकम राशि खर्च करनी पड़ेगी जिससे वित्तीय दबाव भी बढ़ेगा। विवि प्रबंधन ने प्रारम्भ में अतिथि व्याख्याताओं के माध्यम से नए पाठ्यक्रमों का संचालन करने का निर्णय लिया है।

#### की जाएगी शासकीय भवन की मांग

वर्तमान में विवि के पास भवन की समस्या है। नए पाठ्यक्रमों के लिए प्रशासन से शासकीय भवन उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी। अन्य विकल्पों पर विचार-विमर्श चल रहा है।

-प्रो.राजेन्द्र लाकपाले
कुलपति, एसजीजीयू



# पीएम राहत : सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में भी अब शासन की महत्वपूर्ण योजना सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को डेढ़ लाख रुपए तक का उपचार की सुविधा प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सीएमएचओ डॉ. कपील देव पैंकरा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जिले के समस्त शासकीय पंजीकृत अस्पतालों के लिए एक दिवसीय समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही 16 मार्च को योजना के संबंध शासकीय एवं निजी पंजीकृत अस्पतालों में योजना के संबंध में रायपुर से ऑनलाइन वीसी के माध्यम से योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि पीएम राहत योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन आवर के दौरान त्वरित उपचार तथा अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में अधिकतम 7 दिवस तक अथवा 1.50 लाख तक कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति का उपचार राज्य के मान्यता प्राप्त शासकीय एवं निजी अस्पतालों में किया जा सकेगा तथा लाभार्थी अथवा उसके परिजन से किसी प्रकार की राशि नहीं ली जाएगी। कार्यशाला के दौरान राज्य से डीआरएम तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की उपस्थित में जिला से जिला नोड़ल एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित रहे। शासकीय एवं निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों को योजना के प्रमुख प्रावधानों, उपचार प्रक्रिया, क्लेम सबमिशन, डीएआर, आईटी पोर्टल में पंजीयन तथा संचालन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि अस्पतालों द्वारा दुर्घटना पीड़ति का त्वरित पंजीयन पोर्टल पर किया जाएगा तथा आवश्यक दस्तावेज एवं उपचार विवरण समय पर अपलोड किए जाएंगे।

- सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को मिलेगा डेढ़ लाख रुपए तक का नि :शुल्क उपचार


# ग्राम कोटबहरा स्थित किसानों की फसल बोरवेल को हाथियों के दल ने पहुंचाई क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत कल्याणपुर अंतर्गत कोटबहरा गांव में सोमवार की शाम पहुंचे पांच सदस्यीय हाथियों के दल ने रात में दो ग्रामीणों के बोरवेल को क्षतिग्रस्त करने के अलावा फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के आबादी क्षेत्र समीप डटे रहने से स्थानीय ग्रामीणों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार की शाम पांच सदस्यीय हाथियों का दल बलरामपुर जिला के सरहद से ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में पहुंचे थे।

- ग्रामीण में भय व्याप्त

हाथियों के दल ने रात कोटबहरा निवासी ईश्वर सिंह व जीतू राम के बोरवेल को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त करके गेहूं,गन्ना,गर्मी सीजन के धान फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है,हाथियों का दल मंगलवार की शाम तक कोटबहरा के जंगल में रहने के बाद रात को पुनः रिहायशी इलाके की तरफ निकले,हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने से डरे सहमे ग्रामीण रतजगा करने विवश हैं,हाथियों के क्षेत्र में विचरण करने पर वन



विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ डटी हुई है और लोगों को समझाइश देते हुए हाथियों को जंगल की ओर वापस लौटाने का प्रयास कर रही है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ समय से इन इलाकों में हाथियों की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं, जिसके कारण सीमावर्ती गांवों के लोग हमेशा सतर्क रहते हैं। कोटबहरा के आसपास घने जंगल और खेत होने के कारण हाथियों का दल अक्सर भोजन की तलाश में गांवों की ओर रुख कर लेता है। यही वजह है कि ग्रामीणों में हर बार हाथियों के आने की खबर से भय और चिंता का माहौल बन जाता है। कुछ महीने पूर्व भी हाथियों का दल इस इलाके में पहुंचा था। उस समय भी हाथियों ने गांव में जमकर उत्पात मचाते हुए करीब एक दर्जन मकानों को क्षतिग्रस्त कर खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया था। बता दें कि उस समय ग्रामीणों के घरों की क्षति का निरीक्षण करने भटगांव विधायक व केबिनेट मंत्री पहुंची थीं और गांव में हाई मास्ट लाइट लगवाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया था, जिस पर भी अब तक अमल नहीं हो सका है।

**डीएफओ के निर्देश पर निगरानी गठित**

पांच सदस्यीय हाथियों के दल के कल्याणपुर कोटबहरा क्षेत्र में पहुंचने पर डीएफओ के निर्देश पर हाथियों को खदेड़ने व निगरानी हेतु टीम का गठन किया गया है। जिसमें वन विभाग के देव कुमार के अलावा अखिलेश प्रधान, यशवंत सिंह, दुष्यंत सिंह, मोहन सिंह को शामिल किया गया है। साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर सिंह भी सक्रिय हैं।

# एसयूवी वाहन से गांजा तस्करी के मामले में फरार चल रहे दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लटोरी पुलिस ने गांजा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो ओडिशा से मादक पदार्थ लाकर छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में खपाने की फिराक में था। इस पूरे मामले में जहां पहले तीन तस्कर गिरफ्तार किए गए थे, वहीं इसी मामले में पुलिस को चकमा देकर फरार हुए दो आरोपीयों को भी 11 दिन बाद पुलिस ने पकड़ लिया है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि गत दिनों 6 मार्च को जब लटोरी पुलिस टीम अंबिकापुर-बनारस हाईवे पर स्थित देशी ढाबे के सामने वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी अंबिकापुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही एक सफारी वाहन क्रमांक सीजी 15 ईजी 4455 को रोककर तलाशी ली गई,जैसे ही पुलिस को वाहन में संदिग्ध सामान होने का अंदेशा हुआ, उसी दौरान उसमें सवार दो युवक अचानक दरवाजा खोलकर कूद पड़े और खेतों की ओर भाग निकले,पुलिस ने उनका पीछा किया, लेकिन दो युवक छिपकर भागने में सफल हो गए थे,इस दौरान वाहन की तलाशी में पुलिस को दो झोलों में छिपाकर रखे गए 8 पैकेटों में करीब 9 किलो गांजा बरामद हुआ था,इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन में सवार जीवधन पैकरा, सुरेंद्र कुमार लास्कर और ललित यादव को गिरफ्तार कर तीनों को सूरजपुर न्यायालय में पेश किया था,फरार आरोपियों क्रमशः महेश कुमार यादव और परमेश्वर देवांगन की तलाश के लिए पुलिस ने अभियान चलाया।

आरोपी इतने शातिर थे कि अपने मोबाइल फोन बंद कर बार-बार ठिकाना बदलते रहे,करीब 11 दिनों की तलाश के बाद मंगलवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी अपने-अपने घर लौट आए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम दो अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी कर कार्रवाई की और दोनों आरोपी महेश कुमार यादव पिता रामरतन यादव 30 वर्ष निवासी बरौधी भटगांव व परमेश्वर देवांगन पिता रामधारी 24 वर्ष निवासी सोनगरा पीपरपारा को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे पहले से गिरफ्तार हो चुके अपने साथियों के साथ मिलकर ओडिशा के सोनपुर क्षेत्र से एक स्थानीय सप्लायर से गांजा खरीदते थे और उसे छत्तीसगढ़ के विभिन्न इलाकों में बेचने के लिए यहाँ लाते थे। इस खुलासे के बाद पुलिस अब इस अंतरराज्यीय नेटवर्क के अन्य सदस्यों और सप्लायर तक पहुंचने के प्रयास में जुट गई है,इस कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण गुप्ता के नेतृत्व में आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल सक्रिय रहे।

### जामा मस्जिद में हुआ मिलाद शरीफ

**लखनपुर।** जामा मस्जिद में माह-ए-रमजान के मुबारक मौके पर तरावीह की नमाज़ में कुरान शरीफ मुकम्मल होने पर मिलाद शरीफ का आयोजित किया गया। इस अवसर पर तरावीह में



कुरान-ए-पाक मुकम्मल सुनाने वाले हाफिज साहब का फूल माला पहनाकर और दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया गया तथा नजराना-ए-अकीदत पेश किया गया। मस्जिद कमेटी की ओर से हाफिज साहब को एक लाख एक हजार सात सौ छियासी रुपये का चेक भी भेंट किया गया। जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में मौजूद तमाम लोगों ने हाफिज साहब की खिदमत और मेहनत की सराहना की तथा उनके लिए दिल से दुआएं कीं। मस्जिद कमेटी की ओर से कहा गया कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल दीन की मोहब्बत बढ़ती है, बल्कि समाज में भाईचारा, इत्तेहाद और अमन को भी मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में अंजुमन गौसिया कमेटी के सदर, खजांची, कमेटी के सदस्य और मुस्लिम समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चिरई घाट में भीषण सड़क हादसा, बाइक सवार की मौत, स्कॉर्पियो चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

क्षेत्र के चिरई घाट पर बाइक व स्कॉर्पियो में आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक व स्कॉर्पियो की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए जबकि बाइक सवार की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। इधर पिकअप सवार मौके पर ही वाहन छोड़ कर फरार हो गए। मंगलवार को चिरई घाट पर हुए भीषण हादसे से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मानपुर निवासी राजेन्द्र दमिया आ. स्व. बीरू दमिया (45 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 15 सीसी 4932 से ग्राम उदरसई से मानपुर लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार शंकरगढ़ क्षेत्र स्थित चिरई घाट के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 12 एएच 9824 से आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए जबकि



बाइक सवार सड़क किनारे जा गिरा जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया।। इधर घटना के बाद स्कार्पियो सवार मौके पर ही वाहन को छोड़ फरार हो गए। घटना को देख राहगीरों ने तत्काल एंबुलेंस से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरगढ़ पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना कारित वाहनों को जब्त कर स्कार्पियो सवार की तलाश शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षो से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

# प्रेमनगर में इको टूरिज्म पर पांच दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्रांगण में प्रकृति संरक्षण, पर्यटन विकास और युवा जागरूकता का वातावरण देखने को मिला। राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान रूसा अंतर्गत इको टूरिज्म विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला 16 से 20 मार्च तक आयोजित की जा रही है, जिसमें छात्र-छात्राओं को इको टूरिज्म की अवधारणा, उसके महत्व तथा उससे जुड़े अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

- युवाओं को मिला प्रकृति संरक्षण और पर्यटन के नए अवसरों का संदेश

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने की। इस अवसर पर राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजकमल मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में



मुहिम फाउंडेशन के संचालक ऋषिकेश ठाकुर ने इको टूरिज्म पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। रेखा जायसवाल ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के समय में इको टूरिज्म केवल पर्यटन का एक रूप नहीं, बल्कि प्रकृति के संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होगी तथा वे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ पर्यटन के माध्यम से क्षेत्रीय विकास में अपनी भूमिका समझ सकेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजकमल मिश्रा ने कहा कि आज पर्यटन विश्व स्तर पर तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। पर्यटन किसी भी क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे होटल, परिवहन, व्यापार और स्थानीय हस्तशिल्प जैसे अनेक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार यादव ने प्रेमनगर क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास कई ऐसे दर्शनीय स्थल और प्राकृतिक पर्यटन क्षेत्र मौजूद हैं, जिनकी जानकारी अभी व्यापक स्तर पर लोगों तक नहीं पहुंच पाई है। यदि हम सभी मिलकर इन स्थलों का प्रचार-प्रसार करें तो यह क्षेत्र भी पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना सकता है। मुख्य वक्ता ऋषिकेश ठाकुर ने छत्तीसगढ़ में इको टूरिज्म की संभावनाओं और चुनौतियों पर केंद्रित एक विस्तृत और प्रेरणादायी व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि इको टूरिज्म का मूल उद्देश्य केवल पर्यटन करना नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संरक्षण की भावना के साथ यात्रा करना है।